दैनिक जागरण
5-10-2024

एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधारोपण

पौधारोपण करते एनसीसी कैडेट्स। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जासं ● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में वन एचआर हरियाणा गर्ल्स बटालियन के तहत स्वच्छता अभियान में पौधारोपण किया गया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कैडेटों को प्रोत्साहित किया और वातावरण के लिए पेड़ पौधों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कैडेट्स को समझाया कि प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना व्यर्थ है। अत: प्रकृति के साथ आत्मीय रूप से जुड़कर जीवन यापन की संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है। सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने कैडेट्स को कहा कि हम गर्मी से बेहाल है उसका कारण पेड़ो का ना होना ही है। ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी की बहुत बड़ी चुनौती है जिसे आप सभी युवा मिलकर ही खत्म कर सकते है। इसलिए पेड़ ज्यादा से ज्यादा लगाए ओर उनकी रक्षा भी करे। करीब 42 कैडेट्स ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई। पौधारोपण के पश्चात प्राचार्य तथा सीटीओ समेत सभी कैडेट्स ने पौधारोपण के साथ स्वच्छता की शपथ भी ली।